आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

राजभाषा विभाग

विद्युत मंत्रालय के हिंदी अनुभाग द्वारा आरईसी मुख्यालय का राजभाषा निरीक्षण

दिनांक : 03.10.2025

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्युत मंत्रालय के हिंदी अनुभाग के उप निदेशक (राजभाषा) श्री शमशेर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर, 2025 को आरईसी मुख्यालय, गुरुग्राम का राजभाषा निरीक्षण किया गया।

राजभाषा निरीक्षण के दौरान उप निदेशक (राजभाषा) महोदय का संबोधन

उप निदेशक (राजभाषा) द्वारा आरईसी मुख्यालय में राजभाषा की प्रगति संबंधी निरीक्षण निम्न चरणों में सम्पन्न हुआ।

<u>नोडल हिंदी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श सत्र</u>

राजभाषा निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के नोडल हिंदी अधिकारी उपस्थित थे तथा सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में हो रहे राजभाषा कार्यों की फाइलों को भी प्रस्तुत किया। फाइलों की समीक्षा

करने के पश्चात् उप निदेशक (राजभाषा) महोदय ने सभी नोडल हिंदी अधिकारियों को और अधिक सरल तरीके से कार्यालयीन कार्य में हिंदी के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उपस्थित अधिकारियों ने उप निदेशक महोदय से तकनीकी क्षेत्र में हिंदी में कार्य करने में आ रही समस्याओं के बारे में भी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान नोडल हिंदी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श सत्र

<u>राजभाषा प्रदर्शनी</u>

नोडल हिंदी अधिकारियों के साथ चर्चा विमर्श के पश्चात् उप निदेशक महोदय द्वारा आरईसी द्वारा प्रदर्शित राजभाषा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। प्रदर्शनी में राजभाषा विभाग सहित अन्य विभागों के दस्तावेज, फाइलें, नीतियां, राजभाषा पुरस्कार, विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्तियां आदि प्रदर्शित की गईं।

राजभाषा विभाग द्वारा लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन एवं समीक्षा करते हुए विद्युत मंत्रालय के हिंदी अनुभाग के अधिकारी

<u>विभागों का मौके पर निरीक्षण</u>

आरईसी द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्य की समीक्षा करने हेतु उप निदेशक महोदय द्वारा विभागों का मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अलग-अलग विभागों एवं अधिकारियों के कार्यस्थल पर उनके कार्यों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।



महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव के कार्यों का निरीक्षण

उप महाप्रबंधक (मा.सं.) के कार्यों का निरीक्षण



अहिंदी भाषी अधिकारी के कार्यों का निरीक्षण

हिंदी भाषी अधिकारी के कार्यों का निरीक्षण

पुस्तकालय का निरीक्षण

राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी पुस्तकों की खरीद के विषय में जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की खरीद हेतु निर्धारित कुल अनुदान राशि का कम से कम 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया जाना अपेक्षित है। वार्षिक कार्यक्रम में भी यह लक्ष्य स्पष्ट किया गया है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए उप निदेशक (राजभाषा) महोदय द्वारा आरईसी मुख्यालय में स्थापित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया। पुस्तकालय निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया।



आरईसी पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की स्थिति एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुपालन पर विचार-विमर्श

उच्च अधिकारी के साथ चर्चा

राजभाषा निरीक्षण के उपरांत उप निदेशक (महोदय) श्री शमशेर सिंह जी ने आरईसी के कार्यपालक निदेशक (राजभाषा) श्री ए.के. त्यागी जी के साथ आरईसी में राजभाषा की प्रगति के बारे में चर्चा की तथा अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा के क्षेत्र में आरईसी मुख्यालय द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

आरईसी में राजभाषा विभाग की भावी कार्य-योजना के बारे में चर्चा करते हुए कार्यपालक निदेशक (राजभाषा) महोदय के साथ विद्युत मंत्रालय के उप निदेशक (राजभाषा) महोदय

★★★★★★